भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 197
सोमवार, 03 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)

तमिलनाडु में ईएसआईसी अस्पताल

197. श्री अ. मनि:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु राज्य में कार्यशील ईएसआईसी अस्पतालों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार की तमिलनाडु में ईएसआईसी के नए अस्पताल स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार का ईएसआईसी अस्पतालों तथा औषधालयों में और अधिक चिकित्सकों की भर्ती करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा ईएसआईसी अस्पतालों में प्रदान की जाने वाली मूलभूत अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) और (ख): वर्तमान में, तमिलनाडु राज्य में 11 कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल काम कर रहे हैं, जिनमें से 03 अस्पताल, यथा तिरुनेलवेली, के.के. नगर और तिरुपुर सीधे ईएसआईसी द्वारा संचालित किए जाते हैं। ईएसआईसी ने तमिलनाडु में 7 नए अस्पताल स्थापित करने के लिए "सैद्धांतिक" मंजूरी दे दी है। 7 नए अस्पतालों और आवंटित निधि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग) और (घ): ईएसआईसी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की भर्ती एक निरंतर प्रक्रिया है। ईएसआईसी ने हाल ही में बीमा चिकित्सा अधिकारी (आईएमओ) ग्रेड II, विशेषज्ञ ग्रेड II (वरिष्ठ स्केल / कनिष्ठ स्केल) और शिक्षण संकाय के पद के लिए चयनित 1323 अभ्यर्थियों को नियुक्ति का प्रस्ताव जारी किया है, जिनकी तैनाती तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों में स्थित ईएसआईसी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में की जाएगी।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) देश भर में मौजूदा ईएसआई अस्पतालों के भीतर बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए नियमित उपाय करता है, जिसमें बिस्तरों की बढ़ोत्तरी, मौजूदा बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण, वार्षिक रखरखाव आदि शामिल हैं।

* *****

अनुबंध

तमिलनाडु में ईएसआईसी अस्पतालों के संबंध में श्री अ. मनि द्वारा दिनांक 03.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 197 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

तमिलनाडु में ईएसआईसी द्वारा अनुमोदित नए ईएसआई अस्पतालों और निधि आवंटन का ब्यौरा

क्रम सं.	परियोजना का नाम	बिस्तरों की संख्या	प्रशासनिक अनुमोदन एवं स्वीकृत व्यय (रुपए में)
1	श्रीपेरंबदूर, जिला: कांचीपुरम	100	178 **करोड़**
2	तूतीकोरिन, जिला: थूथुकुडी	100	138.5 **करोड़**
3	इरोड, जिला: इरोड	100	अभी तक कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है, परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है।
4	डिंडीगुल, जिला: डिंडीगुल	100	
5	कन्याकुमारी, जिला: कन्याकुमारी	100	
6	वानीयंबाडी, जिला: तिरुपत्तूर	100	
7	चेंगलपट्टू, जिला: चेंगलपट्टू	100	

स्रोत: कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी)

*****